उत्तराखण्ड शासन

# उच्च शिक्षा निदेशालय, उत्तराखण्ड

नवाडखेडा, गौलापार, हल्द्वानी (नैनीताल)

☎ 05946–299615, 616, 617
E-Mail: hedegreeplan@gmail.com

पत्रांकः डिग्री प्लान /3556 /2025–26 दिनांकः 20 सितम्बर, 2025

सेवा में,

पाटलीपुत्र सौल्यूसन,
प्राइवेट लिमिटेड, सकरपुर,
दिल्ली।

**विषयः समस्त चयनित योग प्रशिक्षकों को नियुक्ति प्रदान किये जाने विषयक ।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, पाटलीपुत्र सौल्यूसन प्राइवेट लिमिटेड, सकरपुर, दिल्ली के पत्र संख्या **PSPL/YOGA/2025/08 /दिनांकः 19.09.2025** का सन्दर्भ ग्रहण करना चाहें, जिसके माध्यम से विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों में योग प्रशिक्षकों (ट्रेनर) की तैनाती हेतु **साक्षात्कार** दिनांकः 28, 29, 30 अगस्त, 2025 तथा 10 सितम्बर, 2025 को क्षेत्रीय कार्यालय दून विश्वविद्यालय में आयोजित किया गया। साक्षात्कारोपरान्त 116 अभ्यर्थियों की वरीयता तथा 25 अभ्यर्थियों की प्रतिक्षा सूची निदेशालय को उपलब्ध करायी गयी है।

उपरोक्त के क्रम में चयनित 116 योग प्रशिक्षकों की सूची का अनुमोदनोपरान्त उच्च शिक्षा विभागान्तर्गत राजकीय महाविद्यालयों में नियुक्ति प्रदान की जानी है। इस हेतु दिनांक 24.09.2025 को सायं 03.00 बजे **दून विश्वविद्यालय देहरादून** के सीनेट सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें उच्च शिक्षा मंत्री जी द्वारा चयनित योग प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जायेंगे।

विषयगत प्रकरण के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि चयनित योग प्रशिक्षकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने हेतु **दिनांक 24.09.2025 को प्रातः 10.00 बजे** क्षेत्रीय कार्यालय, उच्च शिक्षा, देहरादून में उपस्थित होने तथा **दिनांक 25.09.2025 व 26.09.2025 को दो दिवसीय योग प्रशिक्षण**, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में आयोजित किये जाने की सूचना ई–मेल तथा फोन द्वारा प्रसारित करते हुए कृत कार्यवाही से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय

**डॉ0 वी0 एन0 खाली**
प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा),
उच्च शिक्षा निदेशालय,उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी, नैनीताल।

पृष्ठांकन संख्या/ /2025–26 तददिनांकित।

प्रतिलिपिः संयुक्त निदेशक, क्षेत्रीय कार्यालय, दून विश्वविद्यालय परिसर, देहरादून।

प्रभारी निदेशक (उच्च शिक्षा),
उच्च शिक्षा निदेशालय,उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी, नैनीताल।

CamScanner
CamScanner